राष्ट्रीय सेवा योजना

वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,जौनपुर

Website:www.vbspu.ac.in Email.ID: nssvbspu.jnp@gmail.com

पत्रांकः 32 /पू0वि0वि0/रा0से0यो0/2025–26 दिनांक–04.08.2025

प्रेषक–

डॉ0 राज बहादुर यादव
कार्यक्रम समन्वयक(राष्ट्रीय सेवा योजना),
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,

सेवा में,

प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना)
सम्बद्ध महाविद्यालय वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय
जौनपुर।

विषयः वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 की सम्परीक्षा में वांछित अभिलेख प्रस्तुत कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, स्थानीय निधि लेखा, जनपद– जौनपुर के पत्र संख्या–149 /22–26, दिनांक–15.07.2025 एवं पत्र संख्या–154/25–26 दिनांक 24.07.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा समस्त महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 की सम्परीक्षा हेतु वांछित अभिलेखों के साथ दिनांक 15 अगस्त, 2025 तक विश्वविद्यालय कार्यालय में सम्परीक्षा अधिकारी श्री प्रेम नारायण मिश्र, (मो0–9839755010)से सम्पर्क कर समस्त अनुदान की सम्परीक्षा अवश्य कराकर रा0से0यो0 कार्यालय को अवगत करायें।

यह भी सूच्य है कि यदि उक्त अवधि तक पूर्व प्राप्त अनुदानों की सम्परीक्षा नही कराई गई तो शासन से प्राप्त कोई भी अनुदान आपके महाविद्यालय को प्राप्त नहीं होगा। इसके लिये महाविद्यालय स्वयं उत्तर दायी होगा एवं अवंटित इकाई का व्ययभार पूर्ण रुप से महाविद्यालय को वहन करना होगा।

अतः उक्त सम्बन्ध में अवगत कराना है समस्त महाविद्यालय वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 की सम्परीक्षा हेतु वांछित अभिलेख विश्वविद्यालय कार्यालय में सम्परीक्षा अधिकारी श्री प्रेम नारायण मिश्र को दिनांक 15 अगस्त, 2025 तक उपलब्ध करने का कष्ट करें।

धन्यवाद।

भवदीय

डॉ0(राज बहादुर यादव)
कार्यक्रम समन्वयक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ, निजी सचिव माननीय कुलपति जी।
2. वित्त अधिकारी, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
3. सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, स्थानीय निधि लेखा, जनपद– जौनपुर
4. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पत्र को वि0वि0 वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

डॉ0(राज बहादुर यादव)
कार्यक्रम समन्वयक